हिन्दुस्तान (Hindustan)

दिनाँक (Dated): 16-06-2024	पृष्ठ सं० (Page No). 07	क्रम सं०(Serial No.) 4

एयरपोर्ट पर यात्री से विदेशी मुद्रा जब्त

नई दिल्ली। कोच्चि एयरपोर्ट के रास्ते विदेशी मुद्रा ले जा रहे एक यात्री को सीआईएसएफ ने पकड़ा है। आरोपी संगीथ मुरलीधरन के पास से यूएई के दिरहम मिले हैं, जिनकी कीमत भारतीय 6.83 लाख रुपये के बराबर है। आरोपी यात्री यह मुद्रा लेकर अबू धाबी जा रहा था। आरोपी ने यह विदेशी मुद्रा कमर और पैर के साथ बांधकर छिपा रखी थी। उसे कस्टम विभाग को सौंप दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।